# एपीएनआईसी 43 (APNIC 43) खुली नीति बैठक के परिणाम

1 मार्च 2017 को हो ची मिन्ह नगर, वियतनाम में एपीएनआईसी 43 (APNIC 43) में एपीएनआईसी नीति एसआईजी (APNIC Policy SIG) ने खुली नीति बैठक (Open Policy Meeting) आयोजित की।

## अध्यक्ष और सह-अध्यक्षों का चुनाव

एक चुनाव के परिणामस्वरूप एक अध्यक्ष और दो सह-अध्यक्षों की नियुक्ति की गई:

अध्यक्ष: सुमन अहमद सबीर

सह-अध्यक्ष: चिंग-हेंग कू और बर्टरैंड चेरियर

समुदाय कार्यकाल समाप्त करने वाले नीति एसआईजी अध्यक्ष मसातो यमानिशी को उनकी कई वर्षों की सेवा के लिए धन्यवाद देता है।

## नीति प्रस्ताव

बैठक में निम्नलिखित तीन नीति प्रस्तावों पर विचार किया गया।

**प्रस्ताव:** प्रॉप-116: अंतिम /8 ब्लॉक में आईपीवी4 पते को स्थानांतरित करने के लिए निषेध

**स्थिति:** सर्वसम्मति पर नहीं पहुँचा। आगे की चर्चा के लिए मेलिंग सूची को लौटा दिया गया।

**विवरण:** यह प्रस्ताव अंतिम /8 (103/8) ब्लॉकों के स्थानांतरण को दो सालों के लिए आवंटन/एसाइनमेंट से रोक देगा। विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) [Merger & Acquisition (M&A)] स्थानांतरण के बाद विलय किए गए संगठन के 103/8 एड्रेस स्पेस पर रोक भी लगाई जाएगी। प्रस्ताव में विशिष्ट तकनीकी स्थितियों के तहत एमएंडए नियम के लिए संभावित अपवाद मौजूद था।

**प्रस्ताव:** प्रॉप -117: वापिस लौटाए गए आईपीवी4 एड्रेस का प्रबंधन और अंतिम /8 का पूरी तरह से प्रयोग करना

**स्थिति:** आंशिक सहमति प्राप्त हुई। संस्करण 3 के रूप में आम सहमति के तत्व पोस्ट किए गए।

**विवरण:** इस प्रस्ताव के संस्करण 2 में दो भाग शामिल थे। पहले भाग में यह स्पष्ट किया गया कि वापिस लौटाए गए आईपीवी4 एड्रेस स्पेस को किस पूल में रखा जाना चाहिए। दूसरा भाग, जोकि अंतिम /8 पूल के संपूर्ण प्रयोग का प्रबंधन करने की एक योजना थी, आम सहमति पर नहीं पहुंचा।

**प्रस्ताव:** प्रॉप-118: एपीएनआईसी क्षेत्र में कोई आवश्यकता नहीं नीति

**स्थिति:** सर्वसम्मति पर नहीं पहुँचा। आगे की चर्चा के लिए मेलिंग सूची को लौटा दिया गया।

**विवरण:** यह प्रस्ताव एपीएनआईसी क्षेत्र में आईपीवी4 के स्थानान्तरण से आवश्यकता मूल्यांकन को हटा देगा। इस प्रस्ताव में उन क्षेत्रों से इंटर-आरआईआर स्थानान्तरणों के लिए एक अपवाद मौजूद है जिनमें आवश्यकता-आधारित नीतियों की ज़रूरत होती है। इन प्राप्तकर्ताओं को 5 वर्षों के अंदर स्थानांतरित संसाधनों के कम से कम 50% का उपयोग करने के लिए एक योजना उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी।

# एपीएनआईसी एसआईजी दिशा-निर्देशों को संशोधित करने के प्रस्ताव

**प्रस्ताव:** अध्यक्ष के चुनाव और अध्यक्ष के कार्यकाल की अवधि के लिए पात्र मतदाताओं में संशोधन

**स्थिति:** सर्वसम्मति प्राप्त हुई।

**विवरण:** अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष चुनावों के लिए वैकल्पिक वर्षों का एक तंत्र प्रदान करता है, यहाँ तक कि अध्यक्ष के समय से पहले कार्यकाल समाप्त करने पर भी। भूमिका की जिम्मेदारियों का विवरण विस्तारित करता है। दूसरे सह-अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए केवल अध्यक्ष के विवेक पर निर्भर करने के बजाय पूरे समुदाय को आह्वान करने की अनुमति देता है।

# उपयोगी कड़ियाँ

## नीति चर्चा मेलिंग सूची के सदस्य बनें

https://mailman.apnic.net/mailing-lists/sig-policy

## एपीएनआईसी 43 (APNIC 43) के नीति पृष्ठ पर जाएँ

https://conference.apnic.net/43/policy

## एपीएनआईसी ) 43APNIC 43( में चर्चा के संग्रह को देखें

https://conference.apnic.net/43/program/schedule/ - /day/10/apnic-policy-sig-1

https://conference.apnic.net/43/program/schedule/ - /day/10/apnic-policy-sig-2